**आकाशवाणी शिमला**
**05.03.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यूएई की कम्पनियों को हिमाचल के प्रमुख क्षेत्रों में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत प्रदेश को एम.एस.एस.सी. की स्थापना के लिए 50 करोड़ रूपए की अनुदान राशि की स्वीकृत।
- मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव संपन्न–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की समापन समारोह की अध्यक्षता।
- भारतीय राज्य पैंशनर्स संघ ने वित्तीय लाभ व पैंशन न मिलने पर राज्य सरकार के खिलाफ शिमला में किया विरोध प्रदर्शन।

## मुख्यमंत्री

भारत में संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत डॉक्टर अब्दुलनासिर अलशाली ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश में निवेश के संभावित अवसरों पर विचार–विमर्श किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यूएई को पर्यटन व आतिथ्त सत्कार, हरित ऊर्जा, डेयरी, खाद्य प्रंसस्करण और डैटा स्टोरेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आगामी वर्ष तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित होने की राह पर अग्रसर है और पिछले दो वर्षों के दौरान पर्यावरण संरक्षण व हरित ऊर्जा के दोहन के लिए सरकार ने ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में देश की 25 प्रतिशत जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल देश में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है और डेरी उद्योग को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। यूएई के राजदूत ने हरित ऊर्जा और पर्यटन विशेष रूप से साहसिक खेलों व स्कीईंग जैसे क्षेत्रों में निवेश में गहरी रूचि दिखाई।

## एमओसी

राज्य सरकार और मेसर्स स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड, चंडीगढ़ के बीच एक हजार 4 सौ करोड़ रुपये की लागत से सोलन जिले के बीबीएन में भारत की पहली एपीआई, ग्रीन हाइड्रोजन और 2जी इथेनॉल की एकीकृत विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए आज शिमला में मेमोरेन्डम ऑफ कमिटमेंट हस्ताक्षरित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हस्ताक्षरित इस एमओसी से करीब एक हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## विक्रमादित्य सिंह

केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय डेटा केंद्र के लिए नगरपालिका साझा सेवा केंद्रों एम.एस.एस.सी. की स्थापना के दृष्टिगत 50 करोड़ रूपए की अनुदान राशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अनुदान राशि से राज्य में शहरी स्थानीय निकायों के तीन क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाकर नगर प्रशासन के आधुनिकीकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि एम.एस.एस.सी. की स्थापना से नगर पालिकाओं में प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगीं। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि मंत्रालय द्वारा हिमाचल के लिए जल्द धनराशि जारी करने का प्रस्ताव दिया जा चुका है और यह राशि दो चरणों में वितरित की जाएगी।

**जगत प्रकाश नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल 6 मार्च से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा के आगमन पर बिलासपुर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा और समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय मंत्री 7 मार्च को बिलासपुर स्थित एम्स में पैट स्कैन, 2 सौ 50 बिस्तरों के विश्राम सदन सहित अन्य सुविधाओं का शुभारम्भ करेंगे।

**जगत नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में पुष्प खेती के विस्तार व बागवानों की आय में वृद्धि करना सरकार की प्राथमिकता है। सोलन जिला में कण्डाघाट उप–मंडल की झाजा पंचायत के महोगबाग स्थित आदर्श पुष्प केंद्र और गौड़ा स्थित फल संतति व प्रदर्शन उद्यान का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने ये बात कही। जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को पुष्प उत्पादकों की मांग के अनुसार फुलों के पौधे तैयार करने और विभिन्न किस्में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोलन जिले में करीब 55 हैक्टेयर भूमि पर पुष्प उत्पादन किया जा रहा है और लगभग दो सौ 50 पुष्प उत्पादक इस व्यवसाय से जुड़े हैं।

**वेंकेटेशन**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने को कहा है ताकि उनके कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। वे आज शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एम वेंकटेशन ने कहा कि जिले में सभी सफाई कर्मचारियों का कम से कम दस लाख रूपए का जीवन बीमा भी अवश्य करवाया जाना चाहिए।

**राज्यपाल**

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज संपन्न हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए महोत्सव के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित रहीं। इस दौरान राज्यपाल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव हिमाचल प्रदेश की समृद्ध विरासत, आस्था और परम्पराओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि मंडी को सांस्कृतिक विरासत के रूप में हिमाचल की छोटी काशी कहा जाता है और यहां भगवान शिव व अन्य देवी–देवताओं को समर्पित कई मंदिर हैं। शिव प्रताप शुक्ल ने मंडी की पारंपरिक शोभा यात्रा जलेब को संरक्षित रखने और मेले में भाग लेने वाले देवताओं, कारदारों, तीर्थयात्रियों व बजंतरियों के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने में जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यापार, हस्तशिल्प व स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महोत्सव की भूमिका पर भी बल दिया। राज्यपाल ने लोगों से विभिन्न सामाजिक बुराइयों से एकजुट होकर लड़ने की अपील की ताकि समृद्ध हिमाचल का निर्माण किया जा सके। इससे पहले, राज्यपाल ने माधोराय मंदिर में पूजा–अर्चना की और शोभा यात्रा में भी भाग लिया।

**महाशिवरात्रि**

इस बीच छोटी काशी मंडी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन से पहले आज चौहटा जातर का भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन में सैंकड़ो देवी देवता एक साथ विराजमान हुए और पहाड़ी वादय यंत्रों व ढ़ोल नगाड़ों की दिव्य धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवावदाता––––

**पैंशनर**

वित्तीय लाभ और समय पर पैंशन न मिलने पर भारतीय राज्य पैंशनर्स संघ ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में पूर्व कर्मचारियों को समय पर पैंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से चिकित्सा बिल का भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे पूर्व कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घनश्याम शर्मा ने सरकार पर कर्मचारियों व पैंशनरों के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया।

**राहत सामग्री**

चंबा के उपायुक्त व ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने बताया कि हिमस्खलन से प्रभावित कुमार गांव के लिए आज हैलिकॉप्टर के माध्यम से राहत सामग्री भेजी गई है। उन्होंने कहा कि कल 6 मार्च को पठानकोट से सभी आवश्यक राहत सामग्री कुमार गांव में ऐयर ड्राप की जाएगी।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यूएई की कम्पनियों को हिमाचल के प्रमुख क्षेत्रों में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के तहत प्रदेश को एम.एस.एस.सी. की स्थापना के लिए 50 करोड़ रूपए की अनुदान राशि की स्वीकृत।
- मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव संपन्न–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की समापन समारोह की अध्यक्षता।
- भारतीय राज्य पैंशनर्स संघ ने वित्तीय लाभ व पैंशन न मिलने पर राज्य सरकार के खिलाफ शिमला में किया विरोध प्रदर्शन।**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं कल सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर। नमस्कार।**